आज दिनांक–23.12.2020 (बुधवार) प्राचार्य कक्ष में पूर्वाह्न 11.00 बजे संपन्न हुई स्थानीय प्रबंधन समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की 14वीं बैठक की कार्यवाही :–

1. उपस्थिति :– बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित हुए :–

क्र.सं.	नाम	स्थानीय प्रबंधन समिति में धारित पद	उपस्थिति
1	डॉ0 संतोष कुमार सिंह, प्राचार्य नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	अध्यक्ष	उपस्थित
2	श्री विंध्याचल पाण्डेय, सह–शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य	उपस्थित
3	डॉ0 अनुरंजन झा, सह–शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य	उपस्थित
4	श्री रौशन कुमार बक्शी, प्रशासनिक पदाधिकारी, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य	उपस्थित

02. **कार्यसूची की मद संख्या–01 :** दिनांक–12.11.2020 (गुरूवार) को संपन्न हुई स्थानीय प्रबंधन समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की 13 वीं बैठक की कार्यवाही की सर्वसम्मति से संपुष्टि की गई।

03. **कार्यसूची की मद संख्या–02 :** प्राचार्य, सह–अध्यक्ष, स्थानीय प्रबंधन समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया कि कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा विद्यालय अतिथिगृहों के कुशल संचालन हेतु गठित उप–समिति की तृतीय बैठक दिनांक–14.12.2020 (सोमवार) को अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में आहूत की गई थी। बैठक में अतिथिगृहों के आय–व्यय एवं लेखा पुस्तकों के अंकेक्षण प्रतिवेदन सहित अतिथिगृहों के रंग–रोगन हेतु सदस्यों के सर्वसम्मति से कुछेक आवश्यक निर्णय लिए गए थे; बैठक की कार्यवाही सदस्यों के अवगतार्थ प्रस्तुत किया गया। तद्नुसार, स्थानीय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों का सर्वमत रहा कि उप–समिति की बैठक की कार्यवाही इस आशय के साथ संपुष्ट की जाती है कि इसकी घटनोत्तर संपुष्टि आगामी कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की बैठक में ले ली जाय।

04. **कार्यसूची की मद संख्या–03 :** प्राचार्य, सह–अध्यक्ष द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया कि तत्कालीन कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति के निर्णयानुसार वर्ष–2013 में क्रय किए गए गोदरेज आलमीरा, बुक सेल्फ की मरम्मति की आवश्यकता है। प्राचार्य, द्वारा बताया गया कि उक्त उपस्करों के उपकरण यथा– लॉक एवं शीशा खुले बाजार में सहज उपलब्ध नहीं हो पाते हैं; अतएव, विद्यालय हित में गोदरेज एजेंसी से ही मरम्मति का कार्य करवाना यथोचित होगा। प्राचार्य द्वारा यह भी बताया गया कि इस संदर्भ में M/s Godrej & Boyce mfg. Ltd. Ranchi से कोटेशन प्राप्त किए गए हैं, जिसकी प्राक्कलित राशि रू0 2,38,239.00 (दो लाख अड़तीस हजार दो सौ उनचालीस मात्र) दर्शायी गई है। विद्यालय हित में प्रस्तावित कार्यो को गोदरेज एजेंसी से कार्य करवाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

05. **कार्यसूची की मद संख्या–04 :** विद्यालय के आश्रमों के समीप एवं आचार्य नगर हेतु 25 स्ट्रीट लाईट पूर्व अनुबंधित सार्थ M/s Websync Services, Ranchi से पूर्व निर्धारित दर पर क्रय करने की स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान की गई; साथ ही सदस्यों का यह भी अभिमत रहा कि इसके बाद स्ट्रीट लाईट का क्रय अगर आवश्यक हो तो खुली निविदा के माध्यम से करना सुनिश्चित किया जाय।

23/12/20 ... 23/12/2020 ... Singh ...12/2020 ... 23/12/20

06. **कार्यसूची की मद संख्या–05** : प्राचार्य, सह–अध्यक्ष, स्थानीय प्रबंधन समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा सदस्यों को बताया गया कि विद्यालय की नर्स, श्रीमती सोनिया कुजूर द्वारा सिकरूम प्रयोग हेतु कुछेक चिकित्सकीय उपकरण यथा– 01 ऑक्सीजन सिलिण्डर (Oxygen Cylender), 02 ऑक्सीफ्लो मीटर (Oxyflow Meter) एवं 01 मैनुअल ऑटो क्लेव मशीन (Mannual Autoclave Machine) की मांग की गई है। विद्यालय हित में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसी प्रतिष्ठित एजेंसी से उपरांकित उपकरणों का क्रय विद्यालय हित में किया जा सकता है।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

23/12/20
(रौशन कु0 बक्शी)
सदस्य, स्थानीय प्रबंधन समिति

23/12/20
(डॉ0 अनुरंजन झा)
सदस्य स्थानीय प्रबंधन समिति

23/12/20
(विंध्याचल पाण्डेय)
सदस्य, स्थानीय प्रबंधन समिति

Singh 23/12/2020
(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
अध्यक्ष
स्थानीय प्रबंधन समिति